दिनांक 01.02.2025 को अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना से संबंधित की गयी समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :-

---

उपस्थिति:-

1 डॉ बी० राजेन्दर, अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग

2 श्री भगवत राम, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग

3 श्री निर्मल कुमार, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग

4 श्री संजय कुमार, संयुक्त सचिव–सह–अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, ब्राडा

5 श्री अजीत कुमार, नोडल पदाधिकारी, MMGSY

ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत कार्यान्वित मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना अन्तर्गत विभिन्न घटकों के संबंध में समीक्षोपरान्त निम्नांकित निर्देश दिये गये :-

1. मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) अन्तर्गत इस वित्तीय वर्ष में स्वीकृति हेतु तैयार किये जा रहे डी0पी0आर0 को दिनांक–10 फरवरी, 2025 तक एकल सम्पर्कता की जाँच करते हुए सक्षम प्राधिकार से तकनीकी अनुमोदनोपरांत मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(अनुपालन–सभी मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/ सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग)

2. विभिन्न कार्य प्रमंडलों के अधीन 55 योजनाएँ (परिशिष्ट–1) जिनका एकरारनामा MIS के अनुसार लंबित है, का एकरारनामा दिनांक–10 फरवरी, 2025 तक सम्पन्न कराते हुए MIS पर इसकी प्रविष्टि करना सुनिश्चित किया जाए।

(अनुपालन–सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग)

3. मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) एवं मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (NDB-BRICS) अन्तर्गत दिनांक–24.01.2025 तक प्राप्त निविदा (परिशिष्ट–2) के तकनीकी बीड की तुलनात्मक विवरणी सक्षम प्राधिकार को अभी तक अप्राप्त है जिसके कारण निविदा के निष्पादन में विलम्ब हो रहा है। अतः निदेश दिया जाता है कि दिनांक–06 फरवरी, 2025 तक इन सभी निविदाओं के तकनीकी बीड की तुलनात्मक विवरणी सक्षम प्राधिकार को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए ताकि ससमय निविदा का निष्पादन हो सके।

(अनुपालन–सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग)

4. मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के अधीन विभिन्न घटकों के अन्तर्गत कुल 1881 योजनाएँ, लम्बाई–1306.00 कि0मी0 एकरारनामा के अनुसार निर्माण कार्य लंबित है। संबंधित सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया जाता है कि परिशिष्ट–3 में अंकित पथों के संबंध में अद्यतन स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन MIS पर दिनांक–10 फरवरी, 2025 तक अंकित करना सुनिश्चित किया जाए।

(अनुपालन–सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग)

5. मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के अधीन विभिन्न घटकों के अन्तर्गत कुल 199 पथ योजना, जिसकी लम्बाई–150.00 कि0मी0, का निर्माण कार्य भूमि विवाद के कारण लंबित है। संबंधित कार्य प्रमंडलों को निदेश दिया जाता है कि परिशिष्ट–4 में अंकित पथों के संबंध में भू–अर्जन/सतत लीज

की नियमानुसार कार्रवाई करते हुए योजनाओं को पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे तथा इसकी अद्यतन स्थिति MIS पर भी प्रविष्ट करना सुनिश्चित करेंगे। नोडल पदाधिकारी, MMGSY को निदेश दिया जाता है कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में सभी संबंधित जिला पदाधिकारी को अर्द्धसरकारी पत्र के माध्यम से अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

(अनुपालन–नोडल पदाधिकारी, MMGSY/सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग)

6. MIS से दिनांक–31.01.2025 को Downloaded अद्यतन प्रतिवेदन के अनुसार MMGSY (सभी घटक) का कुल 1123 करोड़ रूपये मात्र की राशि Unspent है (परिशिष्ट–5)। इसके अनुसार सर्वाधिक Unspent राशि रखने वाले मुख्य कार्य प्रमंडल औरंगाबाद, अररिया, पुपरी, मोहनियाँ, सिमरी–बख्तियारपुर, दाउदनगर, शेरघाटी, बारसोई, मोतिहारी एवं मधेपुरा पाये गये है। निदेश दिया जाता है कि MIS पर वित्तीय प्रगति दिनांक–10 फरवरी, 2025 तक अद्यतन कराना सुनिश्चित करें।

(अनुपालन–सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग)

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

Rajendra 6.2.2025

(डॉ बी० राजेन्दर)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः– 533 अ/ग्रा.　　　　पटना, दिनांकः–07/2/25

प्रतिलिपिः अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख/विशेष सचिव/संयुक्त सचिव–सह–अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, ब्राडा/संयुक्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rajendra 6.2.2025

(डॉ बी० राजेन्दर)
अपर मुख्य सचिव